अमर उजाला 09/12/2024

नेत्र जांच शिविर में लोगों की उमड़ी भीड़

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में नेत्र जांच शिविर के तीसरे दिन लोगों का चेकअप किया गया। यह शिविर रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस और जीएमएन नर्सिंग कॉलेज की ओर से एलजेआई इंस्टीट्यूट अंबाला शहर के सहयोग से लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी राजिंद्र विज पहुंचे। शिविर के दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने, जागरूकता बढ़ाने और नेत्र देखभाल से संबंधित सूचना दी। शिविर का उद्‌देश्य आम जनता में नेत्र देखभाल के बारे में जागरूकता पैदा करना और आंखों की बीमारियों से पीड़ित लोगों को चिकित्सा उपचार प्रदान करना रहा। शिविर में 150 लोगों का निरीक्षण किया गया। संवाद